सुविचार

वह आदमी वास्तव में बुद्धिमान है, जो क्रोध में भी गलत बात मुँह से नही निकालता है।

# अंतर्कथा

खबरों की विश्वसनीयता हमारी पहचान...







# दिल्ली LG ने DDCD को किया भंग, कहा- पसंदीदा लोगों को बैठाने के लिए बनी थी कमेटी

अंतर्कथा प्रतिनिधि

नई दिल्लीः दिल्ली के उपराज्यपाल और केजरीवाल सरकार के बीच एक बार फिर से टकराव की स्थिति पैदा हो गई है. LG वीके सक्सेना ने दिल्ली डायलॉग एंड डेवलपमेंट कमीशन (डीडीसीडी) को अस्थायी रूप से भंग कर दिया है. साथ ही इसके गैर-आधिकारिक मैंबरों को भी हटाने के आदेश दिया है. इन सभी आदेशों को तब तक प्रभावी माना जाएगा जब तक नियमों के अनुसार इसके उपाध्यक्ष और मैंबर आदि के



रूप में डोमेन एक्सपर्ट की स्क्रीनिंग और चयन के लिए एक तंत्र को विकसित नहीं कर लिया जाता है.

एलजी की तरफ से कहा गया है कि मौजूदा सरकार ने डीडीसीडी का गठन सिर्फ फाइनेंशियल बेनिफिट्स बढ़ाने और कुछ पसंदीदा राजनीतिक लोगों के प्रति भेदभावपूर्ण झुकाव रखते हुए उनको संरक्षण देने के लिए किया था. डीडीसीडी के पदों पर राजनीतिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों को मुख्यमंत्री की इच्छा पर ही इन पदों पर बने रहने की अनुमति दी गई थी.

एलजी ने डीडीसीडी की पारदर्शी प्रक्रिया पर सवाल खड़े करते हुए यह भी कहा कि इसके लिए कोई स्क्रीनिंग मापदंड नहीं अपनाए गए. इससे सरकारी खजाने से भारी वेतन का भुगतान किया गया, जो सौंपे गए कर्तव्यों के अनुरूप नहीं था. इस मामले में नियमों की घोर अवहेलना की गई और भाई-भतीजावाद और भेदभावपूर्ण रवैये को स्प.ष्ट्ट दर्शाता है.

उपराज्यदपाल ने योजना विभाग के रिकॉर्ड का भी जिक्र किया है, जिसमें डीडीसीडी के सदस्यों के बीच किसी तरह के कार्य आवंटन नहीं होने की बात कही गई है. इसलिए इसके गैर-आधिकारिक सदस्यों की ओर से भारी भरकम वेतन लेने को 'अवांछनीय' बताया गया है, जो सीधे तौर पर अवैध भी है. डीडीसीडी के सभी सदस्यों को भारत सरकार के सचिव रैंक और वेतन के बराबर वेतन का भुगतान किया जा रहा था.

एलजी ने वित्त विभाग से डीडीसीडी के इन गैर-आधिकारिक सदस्यों को भुगतान किए गए वेतन की वसूली की संभावना का मानवीय तरीके से पता लगाने के लिए भी कहा है. इस संबंध में सर्विसेज विभाग के स्पेमशल सेक्रेटरी वाईवीवीजे राजशेखरन की ओर से आदेश भी जारी कर दिए गए हैं.

# नीट पेपर लीक में CBI की बड़ी कार्रवाई, पटना से मनीष प्रकाश और आशुतोष गरिफ्तार

अंतर्कथा प्रतिनिधि

पटना : नीट पेपर लीक केस में सीबीआई को जांच हैडओवर होते ही एक्शन में आ चुकी है. बिहार में पहली गिरफ्तारी करते हुए सीबीआई की टीम ने आरोपी मनीष और आशुतोष से पूछताछ की जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया. आरोपी मनीष की पत्नी और परिजनों को सीबीआई ने गिरफ्तारी की सूचना दी.

मनीष पेपर लीक के अहम किरदार में से एक था. सूत्रों के हवाले से पता चला है कि ये वही शख्स था जिसने पटना के प्ले एंड लर्न स्कूल को रातभर के लिए बुक कराया था. उसी जगह पर 20 से 25 अभ्यर्थियों को इकट्ठा करके प्रश्न पत्र के उत्तर रटवाए गए थे. जांच के




दौरान प्ले एंड लर्न स्कूल में पेपर के जले हुए टुकड़े मिले जिसकी जांच की गई.

## ईओयू कर चुकी है 19 गिरफ्तारी :


बता दें कि 5 मई 2024 को नीट परीक्षा के कथित रूप से बिहर में पेपर लीक हुए थे. जिसकी जांच को ईओयू ने आगे बढ़ाया और इसके तार 'प्ले एंड लर्न स्कूल' में पेपर के आंसर लर्न कराने के रूप में सामने आए. ईओयू की टीम ने जांच में जितने भी तथ्य पाए और कुल 19 आरोपियों को गिरफ्तार किया सभी से पूछताछ के बाद जो भी सबूत इकट्ठा किए वो सब सीबीआई को सौंप दिए.

# जियो ने महंगा किया सभी प्लान

नई दिल्ली : Reliance Jio टेलीकॉम मार्केट में टॉप पर बने रहने के लिए अपने रिचार्ज प्लान को रिवाइज करते रहता है। साथ ही कुछ नए प्लान को भी लॉन्च करता है। इसी बीच अब कंपनी ने कई सारे नए 5जी रिचार्ज प्लान को लॉन्च किया है जो आने वाले 3 जुलाई से लागू होगा। अगर आप जियो के इस नए रिचार्ज प्लान को ध्यान से देखेंगे तो पाएंगे कि हर एक रिचार्ज प्लान की कीमतो में इजाफा किया गया है। जैसे कि जिस रिचार्ज प्लान को खरीदने के लिए पहले 155 रुपये देने पड़ते थे, अब उसी प्लान के लिए 189 रिपये देने पड़ेंगे। इतना ही नहीं जियो के जो रिचार्ज काफी पॉपुलक थे, उसके कीमतों में 60 रुपये का इजाफा किया गया है।

# ब्रेकिंग, दिल्ली के IGI एयरपोर्ट पर बड़ा हादसा, टर्मिनल की छत गिरी, 4 घायल

अंतर्कथा प्रतिनिधि



नई दिल्ली : दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर बड़ा हादसा हुआ है। यहां छत गिरने से 4 लोग घायल हो गए हैं। इसकी चपेट में कई गाड़ियां भी आ गईं। बताया जा रहा है कि इनमें बैठे 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक शख्स फंस गया। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु ने सोशल मीडिया पर मामले पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने 'एक्स' पर लिखा कि मै खुद दिल्ली हवाई अड्डे के टी-1 पर छत गिरने की घटना पर नजर रख रहा हूं। घटनास्थल पर राहत बचाव जारी है। एयरलाइनों को टी-1 पर सभी प्रभावित यात्रियों की सहायता करने की सलाह दी गई है। घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंचीं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 5.30 बजे दिल्ली हवाई अड्डे के टर्मिनल-1 पर छत गिरने की सूचना प्राप्त हुई। इसके तुरंत बाद तीन दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया।

# बिहार में 7 हजार करोड़ रुपए से होगा चार सड़कों का निर्माण



अंतर्कथा प्रतिनिधि

बिहार में 7 हजार करोड़ से चार सड़क और पुल का निर्माण होना है। बरसात के बाद इन परियोजनाओं का काम शुरू हो जाएगा। फिलहाल इन परियोजनाओं की निविदा की प्रक्रिया चल रही है। बरसात अवधि में इसे पूरा कर लिया जाएगा। चारों परियोजनाएं बिहार के लिए काफी अहम है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का चार घंटे में राज्य के किसी भी जगह से पटना आने का सपना इन परियोजनाओं के पूरा होने पर संभव हो सकेगा। इसके अवाला छपरा में अभी दो लेन का बाईपास है, उसे तीन लेन का और विस्तार दिया जाना है। 16 किलोमीटर लंबे इस बाइपास को बनाने में 303 करोड़ खर्च होंगे।

# कैशबैक ऑफर के दो हजार रुपये लेने के लिए 5 साल लड़नी पड़ी कानूनी लड़ाई, अब देनी होगी इतनी रकम

अंतर्कथा प्रतिनिधि

आगरा : ताजनगरी में एक निजी बैंक ओशो कम्युनिकेशन ने फाइनेंस की किस्त जमा करने पर कैश बैक ऑफर देने से मुकरी गई, तो उपभोक्ता ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग का दरवाजा खटखटाया.

पांच साल तक चली कानूनी लड़ाई में उपभोक्ता को जीत मिली. अब जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय ने ओशो कम्युनिकेशन के प्रोपराइटर को कैश बैक की रूप में दो हजार रुपये देने के साथ ही मानसिक उत्पीड़न एवं वाद



व्यय के रूप में एक हजार रुपये देने का आदेश दिया है.

शाहगंज थाना क्षेत्र के बारहखंभा के पास स्थित सेवा का नगला निवासी एडवोकेट दीपक बाबू ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग द्वितीय में वाद प्रस्तुत किया था. आरोप लगाया था कि वादी ने छह दिसंबर 2018 को ओशो कम्युनिकेशन कैलाश प्लाजा शाह मार्केट हरिपर्वत से एक मोबाइल खरीदा था. ओशो कम्युनिकेशन के प्रोपराइटर ने कहा था कि यदि एचडीएफसी बैंक से फाइनेंस कराएंगे तो फाइनेंस की सभी किस्त अदा करने पर बैंक की तरफ से दो हजार रुपये का नगद कैश बैक ऑफर मिलेगा. एडवोकेट दीपक बाबू के अनुसार वादी ने प्रोपराइटर की बताई बातों पर विश्वास करके वहां मौजूद बैंककर्मी से 23 हजार 990 रुपये कीमत वाला मोबाइल फोन फाइनेंस करा लिया जिसकी छह माह में किस्त भरनी थीं. जिसके लिए कुछ नगद भुगतान किया और किस्त 3378 रुपये महीने की किस्त देना तय हुई.

# झारखंड सरकार करेगी मंत्रिमंडल का विस्तार, इरफान और वैद्यनाथ बन सकते नए मंत्री

अंतर्कथा प्रतिनिधि



चंपाई सोरेन सरकार का कैबिनेट विस्तार जल्द होने वाला है। मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से होटवार जेल जाकर मुलाकात की थी।इस मुलाकात में मंत्री पद को लेकर सहमति बन गई है। 12वें मंत्री के कोटा को भी इस बार भरा जाएगा। पहले से ही 12वें मंत्री के लिए कांग्रेस और जेएमएम दोनों पार्टियां दावा कर रही थी।

इसलिए चंपाई सोरेन के शपथग्रहण के दौरान 12वें मंत्री के रूप में बैद्यनाथ राम को अंतिम समय में ड्रॉप कर दिया गया था। जिसके बाद बैद्यनाथ राम नाराज हो गए थे और इस मामले में मुख्यमंत्री ने खुद बैद्यनाथ राम को मनाया था और आगे उन्हे कैबिनेट में जगह देने का आश्वासन दिया था।

जेल में बंद आलमगीर आलम के इस्तीफे के बाद हो रहे मंत्रिमंडल विस्तार में कांग्रेस की ओर से इरफान अंसारी और दीपिका पांडे का नाम आगे चल रहा है।

जातिगत समीकरण और महिला विधायक होने के वजह से दीपिका पांडे का पलरा भारी नजर आ रहा है। वही इरफान अंसारी आलमगीर आलम के बाद एकमात्र मुस्लिम विधायक है इसलिए उन्हे आलमगीर की जगह मंत्री बनाया जा सकता है।

सूत्रों के हवाले से यह भी खबर मिल रही है कि कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का रिपोर्ट कार्ड सही नहीं है। लोकसभा चुनाव के दौरान जरमुंडी विधानसभा क्षेत्र में पार्टी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। न ही उनकी कोई विशेष सक्रियता दिखी। इसलिए उनके मंत्री बने रहने पर संकट है। चर्चा है कि उन्हें ड्राप किया जा सकता है और उनकी जगह दीपिका पांडे सिंह को कैबिनेट में जगह मिल सकती है।

वहीं जेएमएम 12 वें मंत्री का कोटा अपने पास रखना चाहता है। हेमंत सोरेन और गुलाम अहमद मीर के बीच हुई मुलाकात में इसपर सहमति बन गई है। लातेहार से विद्यायक बैद्यनाथ राम को चंपाई कैबिनेट में जगह दिये जाने को लेकर सहमति बनने की बात कही जा रही है। चंपाई सोरेन के शपथग्रहण के समय उन्हे अंतिम समय में कांग्रेस-जेएमएम में सहमति नहीं बनने की वजह से ड्राप कर दिया गया था लेकिन विधानसभा चुनाव से ठीक पहले उन्हे कैबिनेट में जगह दी जा रही है।

## भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने हत्यारी में किया 100 केवीए ट्रांसफार्मर का उद्घाटन



**जनसेवा हमारा कर्तव्य है -प्रदीप प्रसाद**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

दारू ( हजारीबाग):सदर प्रखंड के मोरांगी पंचायत के हत्यारी गांव में भाजपा नेता प्रदीप प्रसाद ने 100केवीए ट्रांसफर का उदघाटन किया।प्रदीप प्रसाद ने कहा कि पहले से गांव में लगा ट्रांसफार्मर खराब होने की जानकारी लोगों ने एक दिन पूर्व दी थी। इसके बाद विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर गांव में नया ट्रांसफर लगवाने पहल किया।समस्या को देखते हुए तत्काल 100 केवीए का नया ट्रांसफार्मर का ग्रामीणों को दिया इस क्षेत्र में अधिकतर किसान वर्ग के लोग रहते हैं ट्रांसफार्मर जल जाने से लोगों को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा था। श्री प्रसाद नें कहा कि ट्रांसफार्मर लग जाने से ग्रामीणों को अंधेरे में रात बिताने नहीं पड़ेगी इस भीषण गर्मी में राहत मिलेगी। मौके पर चौधरी प्रसाद साहू, रवि लक्डा, भुनेश्वर लिण्डा, जगदेव लक्डा, जितेन्द्र लक्डा, पच्चू राम, जितन उराँव, अंगद कच्छप, जयपाल उराँव, ऐशवा उराँव, राजेंद्र मिंज, उमेश उराँव, किशोर कुमार, कृष्णा साहू, पिंटू कुमार साहू, भोला कुमार महतो सहित दर्जनों लोगों उपस्थित थें।

## डेढ़ करोड़ से अधिक की योजनाओं का अंबा प्रसाद ने किया शिलान्यास!!

*घाघरा डैम तक सड़क निर्माण होने से पर्यटकों की संख्या में होगा इजाफा*

**केरेडारी से रोहित गोस्वामी की रिपोर्ट**

अंतर्कथा प्रतिनिधि

केरेडारी : - दिन बृहस्पतिवार को डेढ़ करोड़ से अधिक की लागत से होने वाली योजनाओं का शिलान्यास विधायक अंबा प्रसाद ने किया प्रखंड क्षेत्र के पहरा में घाघरा डैम जाने वाली सड़क निर्माण का नारियल फोड़कर विधायक अंबा प्रसाद द्वारा पंचायत प्रतिनिधियों की मौजूदगी में विधिवत पूजा अर्चना कर भूमि पूजन किया गया हेवई में कब्रिस्तान चार दिवारी निर्माण कार्य की भी विधिवत शिलान्यास किया गया सड़क निर्माण में लगभग 1 करोड़ 40 लाख वही कब्रिस्तान चार दिवारी में लगभग 25 लाख की लागत आएगी मौके पर विधायक ने कहा कि घाघरा डैम तक सड़क निर्माण होने से पर्यटकों की संख्या में इजाफा होगा उक्त सड़क निर्माण हेतु डीएमएफटी मद से प्राथमिकता के आधार पर स्वीकृति प्रदान करने का कार्य किया गया है वही कल्याण विभाग से विधायक की अनुशंसा पर चारदीवारी निर्माण कार्य होना है मौके पर विधायक प्रतिनिधि सुरेश साव,प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष सह प्रखंड अध्यक्ष रविंद्र गुप्ता, मुखिया भारती देवी, मुखिया प्रतिनिधि अमित दुबे, धीरेंद्र साव, पवन साव, गणेश साव, उप मुखिया प्रतिनिधि मनोज साव, मोहम्मद जिलानी, मजहर अंसारी, पंचायत अध्यक्ष मेहंदी हसन, महिला कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गीता देवी,अनिल साहू महेंद्र यादव जगदेव कुमार लखोत्सव मोहन कुमार कौशल्या देवी कौशल्या देवी समाजसेवी राजेंद्र साहू तिलेश्वर महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे|

## लोकहित अधिकार पार्टी विधानसभा की सभी 81 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

पंकज ठाकुर



बड़कागांव। हजारीबाग के ओकनी साहू धर्मशाला में बृहस्पतिवार को लोकहित अधिकार पार्टी के कार्यकर्ताओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता पार्टी के प्रदेश सचिव सह हजारीबाग जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू में की। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू ने सभा संबोधित करते हुए कहा कि लोकहित अधिकार पार्टी झारखंड के सभी 81 सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उन्होंने आगे कहा कि विपरीत परिस्थितियों में साधन-संसाधन के अभाव में भी पहली बार लोकसभा के 12 सीटों पर चुनाव लड़कर 62 हजार से अधिक वोट प्राप्त हुआ था। आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी पार्टी अभी से ही जोर शोर से कर रही है। प्रदेश सचिव सह हजारीबाग जिला प्रभारी कुंज बिहारी साहू ने कहा कि झारखंड के सभी 81 सीट से लड़ने के साथ-साथ कुछ चिन्हित विधानसभा सीटों को चिन्हित करके विशेष तैयारी करने की आवश्यकता है तभी पार्टी को शत प्रतिशत सफलता मिलेगी आगे उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ रही है। सभी को शिक्षा और चिकित्सा पुरी तरह निः शुल्क देने के साथ साथ वोटर पेंशन भी लागू करना चाहती है।

# बड़कागांव में बनेगा नया पावर ग्रिड, बिजली की समस्या का होगा निदान

**ऊर्जा विभाग के सीएमडी से मिली विधायक अंबा प्रसाद**

अंतर्कथा प्रतिनिधि



बड़कागांव । बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद ने ऊर्जा विभाग के सीएमडी अविनाश कुमार से उनके कार्यालय कक्ष में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान विधायक ने बड़कागांव एवं केरेडाडी में गहराती बिजली समस्या पर गहन चिंतन जताते हुए कहा कि मसले पर मैं कई बार ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से मुलाकात की हूं, विधानसभा में मामला उठाया, इसके बाद पावर ग्रिड बनने का रास्ता साफ हुआ है कैबिनेट से इसकी स्वीकृति भी प्रदान हुई है लेकिन बिजली की समस्या जस की तस बनी हुई है। इस मामले पर सीएमडी अविनाश कुमार ने बताया कि बड़कागांव में बनने वाला पावर ग्रिड टेंडर प्रक्रिया में चला गया है जिसकी अंतिम तिथि 5 जुलाई है 5 जुलाई के बाद टेंडर प्रक्रिया का निष्पादन हो जाएगा एवं कार्य आदेश प्राप्त होते ही पावर ग्रिड बनाने का कार्य शुरू होगा जिससे बिजली समस्या पर पूरी तरह से रोकथाम लगेगी। विधायक ने इस संबंध में कहा कि यथाशीघ्र टेंडर प्रक्रिया का निष्पादन होते ही कार्य को धरातल पर उतरने के लिए सुनिश्चित किया जाएगा।

## दीक्षा महिला मंडल मुनीडीह के तत्वाधान में ब्यूटीशियन कोर्स का शुभारंभ



अंतर्कथा प्रतिनिधि

पुटकी :- गुरुवार को दीक्षा महिला मंडल के अधीन आंचल महिला समिति मुनीडीह द्वारा सामाजिक कार्य क्रम के तत्वाधान में एक ब्यूटीशियन कोर्स की शुरुआत की गई। समिति की अध्यक्षा दुती मुस्तफी ने मुनिडीह कोयला डीपो बस्ती में इस कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए सभी लोगों को स्वावलंबी बनने हेतु प्रोत्साहित किए। कार्यक्रम में लगभग तीस महिलाएं और बच्चों ने भाग लिया। आंचल महिला समिति की ओर से झूलन पांजा, सबीना आलम,बबीता बरनवाल, बिनीता कुमारी, सुनीता बुनकर ,सबिता राउत और मंजू कुमारी भी उपस्थित रहे।

# वो एक्ट्रेस... जिनका वीरप्पसन भी था दीवाना

आज उस एक्ट्रेस के बारे में बता रहे हैं, जो बहनों के साथ 'ट्रावनकोर सिस्टर्स' के नाम से मशहूर हुईं, और अमेरिका को सबसे बड़ी डांस एकेडमी दी। इस एक्ट्रेस का नाम है पद्मिनी, जिन्होंने साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों में भी काम किया था।

यहीं नहीं, भारतीय सिनेमा में भी उन्होंने अपना खूब योगदान दिया। यह थीं एक्ट्रेस पद्मिनी रामचंद्रन, जो हिंदी फिल्मों में काम करने वाली पहली साउथ इंडियन एक्ट्रेस भी रहीं। पद्मिनी की दो और बहनें थीं- रागिनी और और ललिता। तीनों को ही 'ट्रावनकोर सिस्टर्स' कहा जाता था। पद्मिनी ने 16 साल की उम्र में अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की थी। बॉलीवुड में साउथ की हीरोइनों की एंट्री के



लिए पद्मिनी को ही श्रेय दिया जाता है। पद्मिनी ने साल 1948 में फिल्म 'कल्पना' से शुरुआत की और करियर में कोई ब्रेक लिए बिना लगातार तीस साल तक काम किया था।

### वैजयंतीमाला से थी पद्मिनी की टक्कर, एक-दूसरे की थीं रायवल

पद्मिनी ने सिर्फ एक उम्दा एक्ट्रेस थीं, बल्कि बेजोड़ नाचती थीं। वह भरतनाट्यम में पारंगत थीं और उनकी अकसर की वैजयंतीमाला के साथ तुलना की जाती थी। मात्र 16 साल की उम्र में फिल्मों में एंट्री करने वालीं पद्मिनी ने हिंदी से लेकर तमिल, कन्नड़ और तेलुगू भाषा की कई फिल्मों में काम किया। उन्होंने लगातार 30 साल तक 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

### राज कपूर संग हिट रही थी जोड़ी, रेखा के पिता संग भी काम

पद्मिनी को आज भी राज कपूर स्टारर 'जिस देश में गंगा बहती है' फिल्म के लिए याद किया जाता है। वह फिल्म 'मेरा नाम जोकर' में भी दिखी थीं। अपने करियर में उन्होंने राज कपूर से लेकर रेखा के पिता जेमिनी गणेशन, शिवाजी गणेशन, एनटी रामा राव, सत्यन और प्रेम नजीर तक के साथ काम किया।

चंदन तस्कर वीरप्पन भी पद्मिनी का फैन था। एक लोकल टीवी चैनल को कई साल पहले दिए इंटरव्यू में पद्मिनी ने बताया था कि कैसे वीरप्पन ने उन्हें और वैजयंतीमाला को गाने Zillu zilluvenru zorai zakatai पर डांस करने के लिए प्रोत्साहित किया था और तारीफ करते हुए कहा था- शाबाश, कमाल की प्रतियोगिता है।

पद्मिनी फिल्मों की दुनिया में खूब नाम कमा रही थीं और एक समय पर साउथ सिनेमा की हाइएस्ट पेड एक्ट्रेस रहीं, पर उन्होंने शादी करके एक्टिंग छोड़ दी। वह फिल्मों से रिटायरमेंट लेकर पति डॉ. केटी रामचंद्रन के साथ अमेरिका जाकर बस गईं। वहां उन्होंने 47 साल पहले 1977 में'पद्मिनी स्कूल ऑफ आर्ट्स' के नाम से क्लासिकल डांस एकेडमी खोली, जिसे आज अमेरिका की सबसे बड़ी डांस एकेडमी माना जाता है। पद्मिनी का एक बेटा भी है, जो अब न्यू जर्सी में रहता है और वार्नर ब्रदर्स के साथ काम करता है। पद्मिनी अब इस दुनिया में नहीं। साल 2006 में उनका निधन हो गया।

## इतिहास की एक झलक

### सिकंदर को हराने वाली कठ गणराज्य की राजकुमारी कार्विका



राजकुमारी कार्विका सिंधु नदी के उत्तर में कठगणराज्य की राजकुमारी थी। राजकुमारी कार्विका बहुत ही कुशल योद्धा थी। रणनीति और दुश्मनों के युद्ध चक्रव्यूह को तोड़ने में पारंगत थी। राजकुमारी कार्विका ने अपने बचपन की सहेलियों के साथ फ़ौज बनाई थी।

जिस उम्र में लड़कियाँ गुड्डे और गुड्डी का शादी रचना खेल खेलते थे, उस उम्र में कार्विका को शत्रु सेना का दमन कर के देश को मुक्त करवाना, शिकार करना इत्यादि ऐसे खेल खेलना पसंद थे। राजकुमारी धनुर्विद्या के सारे कलाओं में निपुण थी, दोनों हाथों से तलवारबाजी करते मां कालीका प्रतीत होती थीं।

कुछ साल बाद जब भयंकर तबाही मचाते हुए सिकंदर की सेना नारियों के साथ दुष्कर्म करते हुए हर राज्य को लूटते हुए कठ गणराज्य की ओर आगे बढ़ रही थी, तब अपनी महिला सेना जिसका नाम राजकुमारी कार्विका ने चंडी सेना रखी थी, जो कि 8000 से 8500 विदुषी नारियों की सेना थी, के साथ युद्ध करने की ठानी।

325 (इ.पूर्व) में सिकन्दर के अचानक आक्रमण से राज्य को थोडा बहुत नुक्सान हुआ, पर राजकुमारी कार्विका पहली योद्धा थी जिन्होंने सिकंदर से युद्ध किया था। सिकन्दर की सेना लगभग 1,50,000 थी और कठ गणराज्य की महज आठ हज़ार वीरांगनाओं की सेना थी, जिसमें कोई पुरुष नहीं था, जो कि ऐतिहासिक है।

सिकंदर ने पहले सोचा "सिर्फ नारी की फ़ौज है, मुट्ठीभर सैनिक काफ़ी होंगे" पहले 25000 की सेना का दस्ता भेजा गया, उनमें से एक भी ज़िन्दा वापस नहीं आ पाया। राजकुमारी की सेना में 50 से भी कम वीरांगनाएँ घायल हुई थी, पर मृत्यु किसी को छु भी नहीं पाई थी।

दूसरी युद्धनीति के अनुसार सिकंदर ने 40,000 का दूसरा दस्ता भेजा उत्तर पूरब पश्चिम तीनों और से घेराबन्दी बना दिया, परंतु राजकुमारी सिकंदर जैसे कायर नहीं थी, खुद सैन्यसंचालन कर रही थी। उनके निर्देशानुसार सेना ने तीन भागो में बंट कर लड़ाई किया और सिकंदर की सेना पस्त हो गई।

तीसरी और अंतिम 85,000 दस्ता का मोर्चा लिए खुद सिकंदर आया। नंगी तलवार लिये राजकुमारी कार्विका ने अपनी सेना के साथ सिकंदर को अपनी सेना लेकर सिंध के पार भागने पर मजबूर कर दिया। इतनी भयंकर तबाही से पूरी तरह से डर कर सैन्य के साथ पीछे हटने पर सिकंदर मजबूर हो गया।

सिकंदर की 1,50,000 की सेना में से 25,000 के लगभग सेना शेष बची थी, हार मान कर प्राणों की भीख मांग लिया। सिकंदर ने और कठ गणराज्य में दोबारा आक्रमण नहीं करने का लिखित संधी पत्र दिया राजकुमारी कार्विका को।

# देवघर जिला का एक ऐसा गांव जहाँ लेते हैं सबसे ज्यादा जुड़वाँ बच्चे जन्म

अंतर्कथा प्रतिनिधि



प्रकृति ने सृष्टि की जिस तरह रचना की है वह अनमोल है. यहाँ लोग जन्म लेते हैं, फिर जीवन जीकर मरते भी हैं. इस जगत में हर महिला का सपना मां बनना होता है। ये उनके लिए एक सुखद एहसास होता है, मगर खुशियों में चार चांद तब लग जाते हैं, जब कुछ महिलाएं जुड़वां बच्चे को जन्म देते हैं। ऐसी घटना कुछ ही महिलाओं के साथ होती है।

लेकिन झारखंड के देवघर जिले में करौं प्रखंड का बेलकियारी एक ऐसा गांव है जो बेहद खास बन गया है।

कारण है इस गांव में आए दिन किसी न किसी घर जुड़वा बच्चों की किलकारी गूंजती रहती है। वर्तमान में इस गांव में आधा दर्जन से अधिक जुड़वा बच्चे हैं। इतने जुड़वा बच्चे कैसे हैं और क्यों हैं इस बारे में अब तक कोई कुछ नहीं बता पाया है। कुछ लोग इसे खान पान का नतीजा बताते हैं, तो कुछ इसे हवा पानी की देन मानते हैं। हालांकि ये सिर्फ अटकलें हैं।

यहाँ 190 परिवार निवास करता है,जहाँ के अधिकतर लोग करते हैं रसोईये का काम

इस गांव में करीब 190 परिवार निवास करते हैं। गांव की आबादी लगभग 1300 है। कहने को तो इस गांव की पहचान रसोइयों के लिए होती है।

सालों से विभिन्न आयोजनों के दौरान स्वाद की सुगंध फैलाने वाले इन पुश्तैनी रसोइयों द्वारा बनाए स्वादिष्ट भोजन के स्थानीय गांवों के अलावा धनबाद, झरिया, गिरिडीह समेत बंगाल के लोग भी कायल हैं।

### इन लोगो के यहां हुआ है जुड़वा बच्चे

गांव के किशोर रवानी व निर्मल रवानी को जुड़वा लड़का-लड़की, संजय यादव, बंशी रवानी व चिरंजीव रवानी को दोनों लड़की एवं राजेश रवानी को दो लड़का है। जुड़वा लड़की व लड़के के माता-पिता बताते हैं कि जब बच्चे छोटे थे, तो उनको पहचानने में गलती कर देते हैं। माताओं के साथ भी कई बार ऐसा हो जाता है कि एक बच्चे को दूध पिलाने के बाद दूसरे के बजाय फिर पहले को ही दूध पिला देती हैं।

### लोग जुड़वाँ बच्चों को ईश्वर का उपहार मानते हैं

गांव के कई लोग जुड़वा बच्चे होना ईश्वर के एक विशेष उपहार के रूप में देखते हैं। लोगों का मानना है कि स्थानीय आहार के कारण शायद जुड़वा बच्चों के गर्भधारण की संभावना बढ़ती है, जबकि अन्य लोग सोचते हैं कि यह यहां के हवा या पानी में विशेष तत्व के कारण हो सकता है। हालांकि अभी वैज्ञानिक रूप से कुछ साबित नहीं हुआ है।

### मेडिकल साइंस में जुड़वा बच्चे को दो श्रेणी में किया गया है वर्गीकृत

चिकित्सक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सक डॉ केके सिंह ने बताया कि जुड़वा बच्चे दो प्रकार के होते हैं। पहला डायजाइगाटिक है, जिसे आम भाषा में भ्रातृ जुड़वा कहते हैं। इसमें पैदा हुए बच्चे दो लड़के व दो लड़कियां व एक लड़का और एक लड़की हो सकते हैं। इनकी आदतें तो काफी कुछ एक जैसी होती हैं, लेकिन शक्ल में थोड़ा अंतर रहता है।

जुड़वा बच्चों का दूसरा प्रकार है मोनोजाइगाटिक। इन्हें आम भाषा में अभिन्न जुड़वा भी कहते हैं। इस प्रक्रिया के तहत जन्म लेने वाले बच्चे हूबहू एक जैसे दिखते हैं। इनके स्वभाव से लेकर इनके लुक तक सब कुछ एक समान रहता है। इनके बीच पहचान करना बहुत मुश्किल हो








स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक विनोद आनंद (विनोद कुमार मंडल) के लिए सहयोग प्रिंटर्स एंड पब्लिकेशन, रतनपुर, पो-गोविन्दपुर, जिला - धनबाद, झारखंड, पिन- 828109 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक-'विनोद आनंद, कार्यालय-रतनपुर, पो गोविन्दपुर, जिला-धनबाद, झारखंड - 828109, (पी आर बी के तहत खबर चयन के लिए जिम्मेवार), आरएनआई पंजीयन संख्या 68458/98